दिन– सोमवार

दिनांक– 06 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। छह नवंबर और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में होगा मतदान।

02. वोटों की गिनती चौदह नवंबर को होगी। चुनाव घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू।

03. भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत किया।

05. और, विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का उद्घाटन किया।

---

बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पहले चरण का मतदान छह नवंबर और दूसरे चरण का मतदान ग्यारह नवंबर को होगा। मतों की गिनती चौदह नवंबर को होगी। पहले चरण में 121 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण में 122 सीटों के लिए मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

–––बाइट–––

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि राज्य में सात करोड़ 42 लाख मतदाताओं के लिए 90 हजार सात सौ 12 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे।

–––बाइट–––

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग बिहार में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पहली बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा जो आयोग की आंख और कान के रूप में काम करेगा।

श्री कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रो से वेबकास्टिंग कराई जाएगी ताकि चुनाव प्रक्रिया पर पूरी निगरानी रखी जा सके।

———बाइट———

श्री कुमार ने कहा कि कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी तरह की हिंसा कतई बर्दाश्त न की जाए। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्याप्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात किए जाएंगे और विभिन्न निरीक्षण बिन्दुओं पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि नशीले पर्दाथों, नकदी और शराब की अवैध आवाजाही पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि हरेक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की सुविधा की हर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि बिहार में सभी पक्षों के सहयोग से चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने लोगों से बढ़चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की।

———बाइट———

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा का विभिन्न राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पार्टी और एनडीए चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए को चुनाव में भारी बहुमत मिलने जा रहा है।

———बाइट———

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा का वे स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने इसबार परिवर्तन का मन बना लिया है और इसबार महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि महागठबंधन चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है। घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है।

———बाइट———

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी उम्मीदवार मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। श्री किशोर ने कहलनि बिहार के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। जनशक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। बुधवार को उनकी पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

———बाइट———

---

आम आदमी पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने बेगूसराय, कुशेश्वर स्थान, किशनगंज, फुलवारीशरीफ और बेनीपट्टी समेत ग्यारह विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं।

---

विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक की यात्रा की। लगभग तीन दशमलव छह किलोमीटर लंबे एलिवेटिड मेट्रो कॉरिडोर के पहले चरण का नाम प्रायोरिटी कॉरिडोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी दो हजार उन्नीस में इस मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मेट्रो सेवाएं अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक संचालित होंगी।

———बाइट———

बिहार की पहली मेट्रो रेल सेवा की पटना में शुरुआत होते ही राजधानी पटना वासियों के लिए इंतजार के पल आज समाप्त हो गए। पटना मेट्रो रेल सेवा के तहत आज पहली ट्रेन प्रायॅारिटी कॉरिडोर पर अंतर राज्य बस अड्डा से भूतनाथ स्टेशन के बीच एलिवेटेड हिस्से पर चलाई गई। अन्य स्टेशनों के बीच ट्रेन की सेवा का विस्तार आगे के चरणों में होगा, जिसका काम तेजी से चल रहा है। आज शुरू किया गया यह कॉरिडोर साढे तीन किलोमीटर लंबा है जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा। आम लोग मेट्रो रेल सेवा का आनंद कल से उठा सकेंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत इक्कीस लाख महिलाओं को दस–दस हज़ार रुपये अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने महिला लाभार्थियों के खातों में कुल दो हजार एक सौ करोड रुपये अंतरित किए। अब तक इस योजना के अंतर्गत एक करोड़ इक्कीस लाख महिलाओं के खाातें में राशि भेजी जा चुकी है।

———————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के बाद प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। सुपौल, सहरसा, किशनगंज और सीतामढ़ी समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की चार और एसडीआरएफ की बाईस टीमों को तैनात किया गया है। इधर, हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद जिले के छह प्रखंड बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं।

———बाइट———

कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने के बाद इसकी सहायक नदियों तिलयुगा और बिहुल के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। बाढ़ का पानी सुपौल सदर, बसंतपुर, निर्मली, सरायगढ़–भपटियाही, किशनपुर और मरौना प्रखंड के एक हजार से अधिक घरों में प्रवेश कर गया है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाल कर ऊंचे स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावितों के लिए कई जगहों पर सामुदायिक रसोईघर संचालित किए जा रहे हैं। इधर, भीमनगर कोसी बाराज पर पानी के दबाव में कमी आई है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रिवशंकर चौधरी।

सहरसा, मधेपुरा सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के भी कई हिस्सें बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अररिया से होकर गुजरने वाली परमान नदी का बांध क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं। जोगबनी रेललाइन पर बाढ़ का पानी फैल जाने से रेल परिचालन बाधित हुआ है। किशनगंज, और कटिहार जिले में भी कोसी और महानंदा नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। दूसरी तरफ, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में बागमती नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल रहा है। पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले के कई हिस्सों में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और हल्की बारिश की संभावना है।

---

01. निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। छह नवंबर और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में होगा मतदान।

02. वोटों की गिनती चौदह नवंबर को होगी। चुनाव घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू।

03. भाजपा, जदयू, राजद और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत किया।

05. और, विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का उद्घाटन किया।

---

समाप्त